एडीबी ने देहरादून और नैनीताल में पेयजल सीवर कार्यों के लिये 938 करोड़ रुपए ऋण को दी मंज़ूरी

चर्चा में क्यों?

हाल ही में एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) ने उत्तराखंड इंटग्रिटेड एवं रसिइलेंट अर्बन डेवलपमेंट प्रोजेक्ट (पेयजल लाइन और सीवर कार्यों) के लिये 938 करोड़ रुपए ऋण की मंज़ूरी दी है।

प्रमुख बिंदु

- उत्तराखंड इंटग्रिटेड एवं रसिइलेंट अर्बन डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत देहरादून के दक्षिण हिस्से में करीब 136 किलोमीटर की पेयजल लाइन बिछाई जाएगी, जिससे लगभग 40 हज़ार लोगों को पेयजल मिलने की राह आसान हो जाएगी।
- इस प्रोजेक्ट के तहत 5400 घंटों में पानी के मीटर भी लगाए जाएंगे।
- देहरादून में 256 किलोमीटर अंडरग्राउंड सीवर नेटवर्क और 117 किमी. का बरसाती पानी का नेटवर्क तैयार किया जाएगा, जिससे इस ज़िले के 17 हज़ार 410 घरों के 1 लाख 38 हज़ार लोगों को राहत मिलेगी।
- एडीबी के इस प्रोजेक्ट से देहरादून और नैनीताल में पहली बार कंप्यूटराइज्ड मेंटनेंस और मैनेजमेंट सिस्टम लगाया जाएगा, जो इन ज़िलों को चार हिस्से में बाँटकर काम करेगा, ताकि तेज़ी से मैनेजमेंट और मेंटनेंस हो सके।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/adb-approves-loan-of-rs-938-crore-for-drinking-water-sewer-works-in-dehradun-and-nainital